Adda247
GET IT ON Google Play

# KVS/NVS PRT Question Paper Held on 10 Jan 2026


## PART - I / भाग - I

## GENERAL REASONING / सामान्य तर्क

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos 1 to 20) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 1 से 20) के उत्तर देने के लिए* ***सही/ सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

1. The Venn diagram below best represents the relationship among which of the classes given in the options ?




(1) Women, Mothers, Widows

(2) Beverages, Tea, Coffee

(3) Sparrows, Birds, Mice

(4) Students, Cricket Players, Tennis Fans

नीचे दिया गया वेन आरेख विकल्पों में दिए गए वर्गों में से किस वर्ग के बीच संबंधों को सबसे बेहतर ढंग से दर्शाता है ?



(1) महिलाएँ, माताएँ, विधवाएँ

(2) पेय पदार्थ, चाय, कॉफ़ी

(3) गौरैया, पक्षी, चूहे

(4) छात्र, क्रिकेट खिलाड़ी, टेनिस प्रशंसक

10317973

Adda247 GET IT ON Google Play

2. Select the letter-number cluster that will replace the question mark (?) in the following series.

निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाले अक्षर-संख्या समूह का चयन कीजिए।

X6L, T5J, P4H, L3F, _?_.

(1) K2C (2) J2E (3) H2D (4) I2B

3. A statement is followed by two assumptions numbered **(I)** and **(II)**. Consider the statement and assumptions. Decide which of the given assumptions is/are implicit in the statement ?

**Statement :** Helping the poor is the real service to the humanity.

**Assumptions : (I)** Poor people are in need of help from others.

**(II)** If we do not help poor, we will not be called human being.

(1) Neither **assumption (I)** nor **assumption (II)** is implicit.

(2) Only **assumption (I)** is implicit.

(3) Only **assumption (II)** is implicit.

(4) Both **assumptions (I)** and **(II)** are implicit.

एक कथन के बाद दो धारणाएँ **(I)** और **(II)** दी गई हैं। कथन और धारणाओं पर विचार कीजिए। तय कीजिए कि दी गई धारणाओं में से कौन सा/कौन सी धारणाएँ कथन में निहित हैं ?

**कथन :** गरीबों की मदद करना मानवता की सच्ची सेवा है।

**धारणाएँ : (I)** गरीब लोगों को दूसरों की मदद की ज़रूरत होती है।

**(II)** अगर हम गरीबों की मदद नहीं करेंगे, तो हम इंसान नहीं कहलाएँगे।

(1) न तो **धारणा (I)** और न ही **(II)** निहित है।

(2) केवल **धारणा (I)** निहित है।

(3) केवल **धारणा (II)** निहित है।

(4) दोनों **धारणाएँ (I)** और **(II)** निहित हैं।

1031797373

Adda247
GET IT ON Google Play

4. Two statements are given below and these are labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**.

**Assertion (A) :** Vitamin C is destroyed by heating.

**Reason (R) :** Vitamin C is water-soluble and heat-sensitive.

Select the **correct** answer from the following options :

(1) (A) is false but (R) is true.

(2) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(4) (A) is true but (R) is false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं और इन्हें **अभिकथन** (A) और **कारण** (R) के रूप में नामित किया गया है।

**अभिकथन (A) :** गर्म करने पर विटामिन C नष्ट हो जाता है।

**कारण (R) :** विटामिन C जल में घुलनशील और ऊष्मा-संवेदनशील है।


निम्नलिखित विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनिए :

(1) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

(2) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(3) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(4) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।




5. Amit and Bhuvan start from the same point. Amit drives 50 km East. Bhuvan drives 15 km North then turns East and drives 20 km, then turns to his right and drives 15 km. Where and in which direction is Bhuvan now with respect to Amit ?

(1) 70 km, West (2) 30 km, East (3) 70 km, East (4) 30 km, West

अमित और भुवन एक ही हवाई अड्डे से गाड़ी चलाना शुरू करते हैं। अमित 50 किमी पूर्व की ओर गाड़ी चलाता है। भुवन 15 किमी उत्तर की ओर गाड़ी चलाता है, फिर पूर्व की ओर मुड़कर 20 किमी गाड़ी चलाता है, फिर दाईं ओर मुड़कर 15 किमी गाड़ी चलाता है। अमित के संबंध में भुवन अब कहाँ और किस दिशा में है ?

(1) 70 किमी., पश्चिम (2) 30 किमी., पूर्व (3) 70 किमी., पूर्व (4) 30 किमी., पश्चिम

Adda247
GET IT ON Google Play

6. Given below is a question followed by two statements numbered (I) and (II), each containing some information. Decide which of the statement(s) is/are sufficient to answer the question ?

On which day of the week was Naresh born ?

**Statements :**

(I) Naresh's birthday was one day after his sister's birthday.

(II) Naresh was born on the third day of the week.

(1) Either **statement** (I) alone or **statement** (II) alone is sufficient to answer the question.

(2) **Statement** (I) alone is sufficient to answer the question while **statement** (II) alone is not sufficient.

(3) **Statement** (II) alone is sufficient to answer the question while **statement** (I) alone is not sufficient.

(4) Both **statements** (I) and (II) together are necessary to answer the question.

नीचे एक प्रश्न दिया गया है जिसके बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक में कुछ जानकारी निहित है। निर्णय कीजिए कि कौन सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं ?

नरेश का जन्म सप्ताह के किस दिन हुआ था ?

**कथन :**

(I) नरेश का जन्मदिन उसकी बहन के जन्मदिन के एक दिन बाद था।

(II) नरेश का जन्म सप्ताह के तीसरे दिन हुआ था।

(1) या तो केवल **कथन** (I) या केवल **कथन** (II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

(2) केवल **कथन** (I) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल **कथन** (II) पर्याप्त नहीं है।

(3) केवल **कथन** (II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि केवल **कथन** (I) पर्याप्त नहीं है।

(4) प्रश्न का उत्तर देने के लिए **कथन** (I) और (II) दोनों एक साथ आवश्यक हैं।

Adda247
GET IT ON Google Play

7. If @ is the father of $, # is the mother of β. The sister of $ and Ω is β. Which of the following statements is definitely NOT true ?

(1) @ is the father of Ω.
(2) # is the mother of Ω.
(3) β is the sister of $.
(4) β is the son of @.

यदि @, $ का पिता है। #, β की माता है। $ और Ω की बहन β है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन निश्चित रूप से सत्य **नहीं** है ?

(1) @, Ω का पिता है।
(2) #, Ω की माता है।
(3) β, $ की बहन है।
(4) β, @ का पुत्र है।

8. P is elder to Q while R and S are elder to T, who lies between P and R. If R is elder to Q, which one of the following statements is necessarily **true** ?

(1) S is elder to R
(2) P is elder to R
(3) R is elder to S
(4) Q is elder to T

P, Q से बड़ा है जबकि R और S, T से बड़े हैं। T की आयु P और R के बीच में है। यदि R, Q से बड़ा है, तो निम्नलिखित में से कौन सा कथन आवश्यक रूप से **सत्य** है ?

(1) S, R से बड़ा है
(2) P, R से बड़ा है
(3) R, S से बड़ा है
(4) Q, T से बड़ा है

9. Six friends A, B, C, D, E and F went to a restaurant where every customer is offered a complementary dish with every ordered dish. D got Halwa as a complementary while three others ordered it. E and F have Pulihora as one of their dishes. F ordered Manchurian, which is complementary for both C and E. A's ordered and complementary dishes are Halwa and Pizza respectively, they are just reversed of those D's. Chicken as complementary given to only one of them. Which of the following group has ordered Halwa ?

छह मित्र A, B, C, D, E और F एक रेस्टोरेंट में गए जहाँ हर ग्राहक ने ऑर्डर किए गए हर व्यंजन के साथ एक पूरक व्यंजन दिया। D को पूरक के रूप में हलवा मिला जबकि तीन अन्य ने इसे ऑर्डर किया। E और F ने पुलिहोरा अपने व्यंजनों में से एक के रूप में लिया। F ने मंचूरियन ऑर्डर किया जो C और E दोनों के लिए पूरक है। A के ऑर्डर किए गए और पूरक व्यंजन क्रमशः हलवा और पिज्जा हैं, वे D के व्यंजनों के ठीक विपरीत हैं। पूरक के रूप में चिकन उनमें से केवल एक को दिया गया। निम्नलिखित में से किस समूह ने हलवा ऑर्डर किया है ?

(1) C, D, E
(2) A, B, C
(3) A, C, E
(4) B, E, F

Adda247 GET IT ON Google Play

10. In a sports team of six members, P1 and P2 are from city and rest are from village. P4 and P6 are tall while others are short. P1, P3 and P4 are wearing shoes while others are not. Which short team member of city is not wearing shoes ?

छह सदस्यों वाली एक खेल टीम में, P1 और P2 शहर से हैं और बाकी गाँव से हैं। P4 और P6 लंबे हैं जबकि बाकी छोटे हैं। P1, P3 और P4 जूते पहने हुए हैं जबकि बाकी नहीं पहने हुए हैं। शहर की टीम का कौन सा छोटा सदस्य जूते नहीं पहने हुए है ?

(1) P4
(2) P1
(3) P2
(4) P3

11. H is heavier than J whereas M is heavier than P. L is as heavy as J. A is heavier than H. Which one of the following statements is definitely **true** ?

(1) P is heavier than L.
(2) J is lighter than P.
(3) L is lighter than H.
(4) M is heavier than A.

H, J से भारी है जबकि M, P से भारी है। L, J जितना भारी है। A, H से भारी है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन निश्चित रूप से **सत्य** है ?

(1) P, L से भारी है।
(2) J, P से हल्का है।
(3) L, H से हल्का है।
(4) M, A से भारी है।

Adda247
GET IT ON Google Play

**12.** Three statements are given followed by two conclusions **(I)** and **(II)**. Assuming the statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts. Decide which of the given conclusions is/are logically follow/follows from the statements ?

**Statements :** Some envelopes are packets. Some packets are boxes. All boxes are parcels.

**Conclusions : (I)** Some parcels are packets.

**(II)** Some parcels are boxes.

(1) Neither **conclusion (I)** nor **conclusion (II)** follows.
(2) Only **conclusion (I)** follows.
(3) Only **conclusion (II)** follows.
(4) Both **conclusions (I)** and **(II)** follow.

तीन कथनों के बाद दो निष्कर्ष (I) और (II) दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों से तार्किक रूप से निकलता है/निकलते हैं ?

**कथन :** कुछ लिफाफे पैकेट हैं। कुछ पैकेट बॉक्स हैं। सभी बॉक्स पारसल हैं।

**निष्कर्ष :** (I) कुछ पारसल पैकेट हैं।

(II) कुछ पारसल बॉक्स हैं।

(1) न तो **निष्कर्ष** (I) और न ही **निष्कर्ष** (II) निकलता है।
(2) केवल **निष्कर्ष** (I) निकलता है।
(3) केवल **निष्कर्ष** (II) निकलता है।
(4) दोनों **निष्कर्ष** (I) और (II) निकलते हैं।

**13.** One term in the following number series is wrong. Find the **wrong** term.

निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में एक पद गलत है। **गलत** पद ज्ञात कीजिए।

24, 6, 18, 9, 36, 14, 24, 6

(1) 6 (2) 18 (3) 14 (4) 9

**14.** P and Q play football and cricket, Q and R play cricket and hockey, P and S play basketball and football, R and S play hockey and basketball. Who plays football, basketball and hockey ?

P और Q फुटबॉल और क्रिकेट खेलते हैं, Q और R क्रिकेट और हॉकी खेलते हैं, P और S बास्केटबॉल और फुटबॉल खेलते हैं, R और S हॉकी और बास्केटबॉल खेलते हैं। फुटबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी कौन खेलता है ?

(1) P (2) S (3) R (4) Q

Adda247

GET IT ON Google Play

15. Point T is 11 m North of point U. Point V is 11 m East of point U. Point W is 6 m North of point V. Point X is 7 m West of point W. Point Y is 8 m North of point X. Point Z is 4 m West of point Y. How far and in which direction is point Z with respect to point T ?

(1) 34 m, West (2) 47 m, North (3) 15 m, West (4) 25 m, North

बिंदु T, बिंदु U से 11 मीटर उत्तर में है। बिंदु V, बिंदु U से 11 मीटर पूर्व में है। बिंदु W, बिंदु V से 6 मीटर उत्तर में है। बिंदु X, बिंदु W से 7 मीटर पश्चिम में है। बिंदु Y, बिंदु X से 8 मीटर उत्तर में है। बिंदु Z, बिंदु Y से 4 मीटर पश्चिम में है। बिंदु T के सन्दर्भ में बिंदु Z कितनी दूर और किस दिशा में है ?

(1) 34 मीटर, पश्चिम (2) 47 मीटर, उत्तर (3) 15 मीटर, पश्चिम (4) 25 मीटर, उत्तर

16. In the following series, some of the letters are missing which are given in that order as one of the alternatives. Choose the **correct** option.

निम्नलिखित श्रृंखला में, कुछ अक्षर लुप्त हैं, जो उसी क्रम में विकल्पों में दिए गए हैं। **सही** विकल्प चुनें।

dcba_dc_b_dcc_ad_cba

(1) ababd (2) ddbca (3) cdbba (4) acbdb

17. If

(i) 'X @ Y' means 'X is the father of Y'.

(ii) 'X # Y' means 'X is the sister of Y'.

(iii) 'X $ Y' means 'X is the mother of Y'.

(iv) 'X % Y' means 'X is the brother of Y'.

Then, in the expression I $ J @ K % L # M, how is I related to M ?

(1) Father (2) Grandmother (3) Granddaughter (4) Mother

यदि

(i) 'X @ Y' का अर्थ है 'X, Y का पिता है'।

(ii) 'X # Y' का अर्थ है 'X, Y की बहन है'।

(iii) 'X $ Y' का अर्थ है 'X, Y की माता है'।

(iv) 'X % Y' का अर्थ है 'X, Y का भाई है'।


तो, व्यंजक I $ J @ K % L # M में, I, M से किस प्रकार संबंधित है ?

(1) पिता (2) दादी (3) पोती (4) माता


Adda247

GET IT ON Google Play

**18.** Study the given diagram carefully and answer the question. The numbers in different sections indicate the number of persons speaking that language.




दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न खंडों में दी गई संख्याएँ उस भाषा को बोलने वाले व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं।




How many persons speak only one language ?

कितने व्यक्ति केवल एक भाषा बोलते हैं ?

(1) 13 (2) 10 (3) 11 (4) 12

Adda247
GET IT ON Google Play

19. In the following question, a relationship between different elements is shown in the statement followed by three conclusions numbered (I), (II) and (III). Assuming statement to be true, decide which of the conclusions is/are definitely true?

**Statement :** $W \leq V, V > X, Y \geq V.$

**Conclusions :** (I) $X < Y$

(II) $Y \geq W$

(III) $X = W$

(1) All **conclusions** (I), (II) and (III) are true.
(2) Only **conclusions** (I) and (III) are true.
(3) Only **conclusions** (II) and (III) are true.
(4) Only **conclusions** (I) and (II) are true.

निम्नलिखित प्रश्न में, कथन में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध दर्शाया गया है जिसके बाद (I), (II) और (III) से क्रमांकित तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। कथन को सत्य मानते हुए, निर्णय कीजिए कि कौन सा/से निष्कर्ष निश्चित रूप से सत्य है/हैं?

**कथन :** $W \leq V, V > X, Y \geq V.$

**निष्कर्ष :** (I) $X < Y$

(II) $Y \geq W$

(III) $X = W$

(1) **निष्कर्ष** (I), (II) और (III) सत्य हैं।
(2) केवल **निष्कर्ष** (I) और (III) सत्य हैं।
(3) केवल **निष्कर्ष** (II) और (III) सत्य हैं।
(4) केवल **निष्कर्ष** (I) और (II) सत्य हैं।

20. Study the following letter-number-symbol sequence and answer the question:

F @ 3 9 H C A D I % 4 E * $ M K 2 U R P 5 W 8 8 1 T J V 7

Three of the following four are alike in a certain way based on their positions in the above sequence and so form a group. Which is the one that is different from others?

निम्नलिखित अक्षर-संख्या-प्रतीक अनुक्रम का अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दीजिए :

F @ 3 9 H C A D I % 4 E * $ M K 2 U R P 5 W 8 8 1 T J V 7

उपरोक्त अनुक्रम में अपनी स्थिति के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इसलिए एक समूह बनाते हैं। वह कौन सा है जो दूसरों से भिन्न है?

(1) K R *
(2) A % 9
(3) 2 P $
(4) M * 2

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - II / भाग - II

## NUMERICAL ABILITY / संख्यात्मक क्षमता

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos 21 to 40) by selecting the correct/most appropriate options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 21 से 40) के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**21.** The cost price of a table is ₹ 6,600. It is sold at a gain of ₹ 600 after giving a discount of 10% on the marked price. Its marked price is :

किसी मेज का क्रय मूल्य ₹ 6,600 है तथा इसे ₹ 600 के लाभ पर इसके अंकित मूल्य पर 10% की छूट देकर बेचा जाता है। इसका अंकित मूल्य है :

(1) ₹ 7,200 (2) ₹ 9,000 (3) ₹ 8,400 (4) ₹ 8,000

**22.** The sum of the prime factors of 1729 is :

1729 के अभाज्य गुणनखंडों का योग है :

(1) 43 (2) 37 (3) 39 (4) 41

**23.** The value of $\frac{15.6 \times 6.5 \times 6.25}{2.5 \times 1.69}$ is :

$\frac{15.6 \times 6.5 \times 6.25}{2.5 \times 1.69}$ का मान है :

(1) 75 (2) 150 (3) 104 (4) 52

Adda247 GET IT ON Google Play



24. The value of expression $16 \times 16 - 6 \div 2 \times 3 - 8 \div 4$ is :

व्यंजक $16 \times 16 - 6 \div 2 \times 3 - 8 \div 4$ का मान है :

(1) 243 (2) 253 (3) 247 (4) 245

25. HCF and LCM of two numbers are 28 and 336 respectively. If one of the numbers is 112, then difference of the two numbers is :

दो संख्याओं के HCF (म.स.) और LCM (ल.स.) क्रमश: 28 और 336 हैं। यदि इनमें से एक संख्या 112 है, तो इन दोनों संख्याओं का अंतर है :

(1) 14 (2) 72 (3) 56 (4) 28

26. The next two terms in the series 4, 6, 9, 13, 18, ..... are :

श्रेणी 4, 6, 9, 13, 18, ..... में अगले दो पद हैं :

(1) 24, 31 (2) 20, 25 (3) 21, 27 (4) 23, 28

27. How many three digit numbers are divisible by both 4 and 6 ?

कितनी 3-अंकीय संख्याएँ 4 और 6 दोनों से विभाज्य हैं ?

(1) 77 (2) 74 (3) 75 (4) 76

28. Among the fractions $\frac{2}{3}, \frac{5}{7}, \frac{4}{9}$ and $\frac{8}{11}$, the greatest fraction is :

भिन्नों $\frac{2}{3}, \frac{5}{7}, \frac{4}{9}$ और $\frac{8}{11}$ में, सबसे बड़ी भिन्न है :

(1) $\frac{8}{11}$ (2) $\frac{2}{3}$ (3) $\frac{5}{7}$ (4) $\frac{4}{9}$



Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

29. Out of two given numbers, 5% of one number is equal to 2% of the other number. If the difference of the two numbers is 2340, then what is the sum of these two numbers ?

दी हुई दो संख्याओं में, एक संख्या का 5% दूसरी संख्या के 2% के बराबर है। यदि इन दोनों संख्याओं का अंतर 2340 है, तो इन दोनों संख्याओं का योग क्या है ?

(1) 6402 (2) 3950 (3) 4500 (4) 5460

30. If simple interest on a certain sum at 6% per annum for 4 years is ₹ 1,600, then what will be the compound interest on the same sum at the same rate of interest for two years ?

यदि किसी धनराशि पर 6% वार्षिक दर से 4 वर्ष का साधारण ब्याज ₹ 1,600 है, तो उसी धनराशि पर उसी ब्याज की दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज क्या होगा ?

(1) ₹ 848 (2) ₹ 816 (3) ₹ 824 (4) ₹ 832

31. A sum of ₹ 73,689 was divided between two persons A and B in the ratio 4 : 7. The difference between thrice part of A and twice part of B is :

₹ 73,689 की धनराशि को दो व्यक्तियों A और B में 4 : 7 के अनुपात में विभाजित किया गया। A के भाग के तिगुने और B के भाग के दुगुने का अंतर है :

(1) ₹ 36,196 (2) ₹ 13,398 (3) ₹ 20,098 (4) ₹ 26,796

32. An operation ⊕ is such that $a \oplus b = b - 2a + \frac{ab}{5}$. Then, the value of $3 \oplus 25$ is :

एक संक्रिया ⊕ इस प्रकार है कि $a \oplus b = b - 2a + \frac{ab}{5}$ है। तब, $3 \oplus 25$ का मान है :

(1) 34 (2) 37 (3) 36 (4) 35

Adda247 GET IT ON Google Play

**33.** A shopkeeper purchased 245 articles at ₹ 30 per article and spent ₹ 2,450 on their packages. If he sold these articles at ₹ 50 per article, then his gain percent is :

एक दुकानदार ने 245 वस्तुएँ ₹ 30 प्रति वस्तु की दर से खरीदी तथा उनकी पैकिंग पर ₹ 2,450 व्यय किए। यदि वह उन्हें ₹ 50 प्रति वस्तु की दर से बेच देता है, तो उसका लाभ प्रतिशत है :

(1) 20% (2) 27.5% (3) 25% (4) 21.5%

**34.** Following table depicts the favourite games of the people of a colony : (one person one game)

| Game | Liked by Number of persons |
|---|---|
| Basketball | 470 |
| Football | 510 |
| Cricket | 1240 |
| Hockey | 1430 |
| Badminton | 350 |

निम्नलिखित सारणी किसी कॉलोनी के लोगों के पसंदीदा खेलों को दर्शाती है : (एक व्यक्ति एक खेल)

| खेल | पसंद करने वाले व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| बास्केटबॉल | 470 |
| फुटबॉल | 510 |
| क्रिकेट | 1240 |
| हॉकी | 1430 |
| बैडमिंटन | 350 |

The number of persons liking the most favourite game is what percent of the total number of persons liking the games ?

सबसे अधिक पसंदीदा खेल को पसंद करने वाले व्यक्तियों की संख्या इन खेलों को पसंद करने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या का कितना प्रतिशत है ?

(1) $35\frac{3}{4}\%$ (2) 31% (3) 33% (4) $35\frac{1}{4}\%$

Adda247

GET IT ON Google Play

**35.** On dividing a number by 96, the remainder obtained is 59. What would be the remainder, if the same number is divided by 24 ?

किसी संख्या को 96 से भाग देने पर 59 शेषफल प्राप्त होता है। उसी संख्या को 24 से भाग देने पर क्या शेषफल प्राप्त होगा ?

(1) 11 (2) 21 (3) 17 (4) 15

**36.** A 320 metre long train crosses a platform with a speed of 120 km/hour in 24 seconds. If a person crosses the same platform in 12 minutes, then the speed of the person (in km/hour) is :

320 मीटर लंबी एक रेलगाड़ी एक प्लेटफॉर्म को 120 km प्रति घंटा की चाल से 24 सेकंड में पार करती है। यदि कोई व्यक्ति उसी प्लेटफॉर्म को 12 मिनट में पार करता है, तो उस व्यक्ति की चाल (km प्रति घंटा में) है :

(1) 4.8 (2) 1.6 (3) 2.4 (4) 3.2

**37.** The perimeter of a rectangle is 28 cm and its breadth is 2 cm less than its length. Area of the rectangle is :

किसी आयत का परिमाप 28 cm है तथा उसकी चौड़ाई उसकी लंबाई से 2 cm कम है। उस आयत का क्षेत्रफल है :

(1) 36 sq. cm (2) 96 sq. cm (3) 48 sq. cm (4) 72 sq. cm

Adda247

GET IT ON Google Play

38. A certain work can be completed by 8 persons in 25 days. If the work is to be completed in 5 days, then how many more persons are needed for the same ?

किसी कार्य को 8 व्यक्ति 25 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि इस कार्य को 5 दिन में पूरा किया जाना है, तो कितने और व्यक्तियों की आवश्यकता होगी ?

(1) 40 (2) 30 (3) 32 (4) 36

39. The sum of the principal and simple interest on it for 5 years at a certain rate of interest per annum is ₹ 28,000. If interest is $\frac{2}{5}$ of the principal, then the rate of interest per annum is :

मूलधन और उस पर किसी वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 5 वर्ष के ब्याज का योग ₹ 28,000 है। यदि ब्याज मूलधन का $\frac{2}{5}$ है, तो वह वार्षिक ब्याज दर है :

(1) 4% (2) 10% (3) 8% (4) 6%

40. The average of 20 numbers was calculated as 56. It was found that a number 61 was misread as 64 in the calculation. The correct average of the numbers is :

20 संख्याओं का औसत 56 परिकलित किया गया। यह पाया गया कि परिकलन में एक संख्या 61 को गलती से 64 पढ़ा गया। इन संख्याओं का सही औसत है :

(1) 54.65 (2) 55.85 (3) 55.65 (4) 54.85

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - III / भाग - III

## BASIC COMPUTER LITERACY/ आरम्भिक कम्प्यूटर साक्षरता

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos 41 to 60) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 41 से 60) के उत्तर देने के लिए* ***सही/ सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**41.** An online system that helps people to find information on the internet by scanning web pages and other online resources and presenting a list of relevant results based on user input is called :

(1) Social Media Platform (2) Web Browser

(3) Search Engine (4) Web Server

एक ऑनलाइन सिस्टम जो वेब पेजों और अन्य ऑनलाइन संसाधनों को स्कैन करके और उपयोगकर्ता इनपुट के आधार पर प्रासंगिक परिणामों की सूची प्रस्तुत करके लोगों को इंटरनेट पर जानकारी खोजने में मदद करता है, उसे क्या कहते हैं ?

(1) सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म (2) वेब ब्राउज़र

(3) सर्च इंजन (4) वेब सर्वर

**42.** Find an input device out of the following.

(1) Barcode Printer (2) Plotter

(3) Speaker (4) Joystick

निम्नलिखित में से एक इनपुट डिवाइस खोजें।

(1) बारकोड प्रिंटर (2) प्लॉटर

(3) स्पीकर (4) जॉयस्टिक

**43.** The keyboard shortcut that adds the current webpage to your bookmarks in most web browsers is :

अधिकांश वेब ब्राउज़र में वर्तमान वेबपेज को आपके बुकमार्क में जोड़ने वाला कीबोर्ड शॉर्टकट है :

(1) Ctrl+A (2) Ctrl+B (3) Ctrl+D (4) Ctrl+H

Adda247
GET IT ON Google Play

44. Which one of the following is an **invalid** IP address (as per IPv4) ?

निम्नलिखित में से कौन सा एक **अमान्य** आईपी अड्रेस (IP address) है (IPv4 के अनुसार) ?

(1) 192.101.102.200 (2) 130.302.130.100
(3) 105.0.0.1 (4) 1.10.100.111

45. 8 bits together make a ________.

(1) Kilobyte (2) Byte
(3) Octabit (4) Nibble

8 बिट मिलकर ________ बनाते हैं।

(1) किलोबाइट (Kilobyte) (2) बाइट (Byte)
(3) ऑक्टाबिट (Octabit) (4) निबल (Nibble)

46. With respect to Computer Networks, in the acronym WWW, the W in the second position refers to :

(1) Wide (2) World
(3) Web (4) Website

कंप्यूटर नेटवर्क के संदर्भ में, संक्षिप्त नाम WWW में, दूसरे स्थान पर W का अर्थ है :

(1) Wide (वाइड) (2) World (वर्ल्ड)
(3) Web (वेब) (4) Website (वेबसाइट)

47. It helps in accessing, editing, storing, performing statistical analysis and allowing collaboration on large tables of online data.

(1) MS Paint (2) Acrobat Reader
(3) Windows Media Player (4) Google Sheets

यह ऑनलाइन डेटा की बड़ी तालिकाओं को एक्सेस करने, उन्हें संपादित करने, संग्रहीत करने, सांख्यिकीय विश्लेषण करने और उन पर सहयोग करने में मदद करता है।

(1) एमएस पेंट (2) एक्रोबैट रीडर
(3) विंडोज मीडिया प्लेयर (4) गूगल शीट्स

Adda247 GET IT ON Google Play

48. Which one of the following is bundled as an integral part of the MS Windows Operating System ?

निम्नलिखित में से कौन सा MS Windows ऑपरेटिंग सिस्टम का एक अभिन्न अंग है ?

(1) Adobe Photoshop (2) Tally
(3) MS Word (4) MS Paint

49. Which one of the following **cannot** be considered as a Cyber Crime ?

(1) Posting pornographic content on an online public platform
(2) Providing socially beneficial information on a social media website
(3) Writing abusive language in comment of a social media post
(4) Gaining access to password of someone's email and sending unnecessary information and large size files to everyone in the contact list

निम्नलिखित में से किसे साइबर अपराध **नहीं** माना जा सकता ?

(1) किसी ऑनलाइन सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म पर अश्लील सामग्री पोस्ट करना
(2) किसी सोशल मीडिया वेबसाइट पर सामाजिक रूप से लाभकारी जानकारी प्रदान करना
(3) किसी सोशल मीडिया पोस्ट की टिप्पणी में अपमानजनक भाषा लिखना
(4) किसी के ईमेल के पासवर्ड तक पहुँच प्राप्त करना और संपर्क सूची (contact list) में सभी को अनावश्यक जानकारी और बड़ी फ़ाइलें भेजना

50. Which of the following is an example of an open-source spreadsheet software ?

(1) Writer (2) Microsoft Excel
(3) Impress (4) Calc

निम्नलिखित में से कौन सा ओपन-सोर्स स्प्रेडशीट सॉफ़्टवेयर का उदाहरण है ?

(1) राइटर (2) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल
(3) इम्प्रेस (4) कैल्क

51. __________ is an output device.

(1) Joystick (2) Microphone (3) Plotter (4) Light Pen

__________ एक आउटपुट डिवाइस है।

(1) जॉयस्टिक (2) माइक्रोफ़ोन (3) प्लॉटर (4) लाइट पेन

Adda247 GET IT ON Google Play

52. ________ is an example of RDBMS.

________ RDBMS का एक उदाहरण है।

(1) Google Sheets (2) MySQL (3) MS Excel (4) Calc

53. Which one is the default file extension of Calc spreadsheets ?

Calc स्प्रेडशीट का डिफ़ॉल्ट फ़ाइल एक्सटेंशन कौन सा है ?

(1) .ods (2) .xlsx (3) .sheets (4) .calcx

54. Out of the following, which one will you select as a good password for an online banking account keeping the Cyber Safety in mind ?

साइबर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, आप ऑनलाइन बैंकिंग खाते के लिए निम्नलिखित में से कौन सा पासवर्ड चुनेंगे ?

(1) peace (2) 22334455 (3) tommy1 (4) A$92gU5%!

55. ________ is the Search Engine developed by Microsoft.

________ माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक सर्च इंजन है।

(1) Edge (2) Baidu (3) Bing (4) Yahoo

56. ________ is a collection of data and information that forms a single entry on the World Wide Web, displayed in a browser, which can contain text, images, videos and hyperlinks to other such documents.

(1) Web Page (2) Computer Program
(3) Cookies (4) Web Browser

________ डेटा और इंफॉर्मेशन का एक संग्रह है जो वर्ल्ड वाइड वेब पर एक प्रविष्टि बनाता है, जो ब्राउज़र में प्रदर्शित होता है, जिसमें टेक्स्ट, चित्र, वीडियो और अन्य दस्तावेज़ों के हाइपरलिंक शामिल हो सकते हैं।

(1) वेब पेज (2) कंप्यूटर प्रोग्राम
(3) कुकीज़ (4) वेब ब्राउज़र

Adda247 GET IT ON Google Play

57. Which among the following is utility software ?

(1) VLC Player (2) MS PowerPoint (3) WinRAR (4) Device Driver

निम्नलिखित में से कौन सा यूटिलिटी सॉफ्टवेयर है ?

(1) VLC प्लेयर (2) MS PowerPoint (3) WinRAR (4) डिवाइस ड्राइवर

58. ________ a small, high-speed buffer located between the CPU and main memory.

(1) ROM (2) Cookies (3) Cache (4) RAM

________ सीपीयू और मुख्य मेमोरी के बीच स्थित एक छोटा, उच्च गति वाला बफर (buffer)।

(1) रोम (ROM) (2) कुकीज़ (Cookies) (3) कैश (Cache) (4) रैम (RAM)

59. Which of the following is the full form of MAN in context of Computer Network ?

कंप्यूटर नेटवर्क के संदर्भ में MAN का पूर्ण रूप निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(1) Mass Access Network

(2) Manual Access Network

(3) Manually Accessible Network

(4) Metropolitan Area Network

60. It is an easy-to-use online tool available to create and collect organised data online just by providing its URL to the data contributors.

(1) Google Forms (2) MS Access (3) Calc (4) Acrobat Reader

यह एक आसान ऑनलाइन टूल है जो केवल डेटा योगदानकर्ताओं को URL प्रदान करके ऑनलाइन व्यवस्थित डेटा बनाने और एकत्र करने के लिए उपलब्ध है।

(1) गूगल फ़ॉर्म (2) एमएस एक्सेस (3) कैल्क (4) एक्रोबेट रीडर

Adda247 GET IT ON Google Play

## PART - IV / भाग - IV

## GENERAL KNOWLEDGE / सामान्य ज्ञान

*Direction : Answer the following questions (Q. Nos 61 to 80) by selecting the **correct/most** appropriate options.*

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 61 से 80) के उत्तर देने के लिए **सही/ सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए।*

**61.** The Gandhi-Irwin Pact led to which of the following ?

(1) M.K. Gandhi's agreement on separate electorate for Muslims.

(2) Withdrawal of the Anti-Rowlett agitation by M.K. Gandhi.

(3) M.K. Gandhi's participation in the Second Round Table Conference.

(4) Acceptance of the Cabinet Mission Plan by M.K. Gandhi.

गांधी–इर्विन समझौता के फलस्वरूप क्या हुआ ?

(1) महात्मा गांधी मुस्लिम के लिए पृथक निर्वाचन मंडल के लिए सहमत हो गए।

(2) महात्मा गांधी ने रॉलेट एक्ट के विरुद्ध आन्दोलन वापस ले लिया।

(3) महात्मा गांधी ने द्वितीय गोल मेज सम्मेलन में हिस्सा लिया।

(4) महात्मा गांधी ने कैबिनेट मिशन प्लान को स्वीकार कर लिया।

**62.** Which of the following is the only planet in the solar system whose name has **not** been derived from Greek or Roman mythology ?

(1) Venus (2) Mercury (3) Jupiter (4) Earth

सौरमंडल का एकमात्र ग्रह निम्नलिखित में से कौन सा है जिसके नाम की व्युत्पत्ति ग्रीक (यूनानी) या रोमन पौराणिक कथा से **नहीं** हुई है ?

(1) शुक्र (2) बुध (3) बृहस्पति (4) पृथ्वी

10031797373

Adda247 GET IT ON Google Play

63. In August 2025, the UIDAI signed a 5-years R&D agreement to strengthen Aadhaar operations with which of the following institutions ?

(1) IIT Delhi

(2) Indian Statistical Institute (ISI)

(3) Indian Institute of Science (IISc), Bengaluru

(4) National Informatics Centre (NIC)

अगस्त, 2025 में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार के कामकाज को सुदृढ़ करने के लिए निम्नलिखित में से किस संस्था के साथ 5 वर्षीय अनुसंधान और विकास करार पर हस्ताक्षर किया ?

(1) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली

(2) भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई)

(3) भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरू

(4) राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी)

64. Which film was awarded 'Swarna Kamal' in AVGC (Animation, Visual Effects, Gaming and Comic) category in the $71^{st}$ National Film Awards for the year 2023, which were announced in August 2025 ?

(1) 'Snake and ladder' (2) 'Ganesh'

(3) 'Pawanputra' (4) 'Hanu-man'

71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2023 जिसकी घोषणा अगस्त, 2025 में हुई, उसमें एवीजीसी (एनिमेशन, विजुवल इफेक्ट्स, गेमिंग एण्ड कॉमिक) श्रेणी में निम्नलिखित में से किस फिल्म को 'स्वर्णकमल' पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(1) 'स्नेक एण्ड लैडर' (2) 'गणेश'

(3) 'पवनपुत्र' (4) 'हनुमान'

Adda247
GET IT ON Google Play

65. Consider the following statements about Exercise 'BRIGHT STAR' :

(a) It's a bilateral exercise between the armed forces of India and Brazil hosted by Brazil.

(b) 'BRIGHT STAR 2025' was held from August 28 to September 10, 2025.

Choose the **correct** answer :

(1) Neither (a) nor (b) is correct. (2) Only (a) is correct.

(3) Only (b) is correct. (4) Both (a) and (b) are correct.

'ब्राइट-स्टार' अभ्यास के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) यह ब्राजील द्वारा आयोजित भारतीय सशस्त्र बल और ब्राजील के मध्य किया जानेवाला द्विपक्षीय अभ्यास है।

(b) 'ब्राइट-स्टार 2025' का आयोजन 28 अगस्त से 10 सितम्बर, 2025 तक हुआ।

**सही** उत्तर चुनिए :

(1) न तो (a) न (b) सही है। (2) केवल (a) सही है।

(3) केवल (b) सही है। (4) (a) और (b) दोनों सही है।

Adda247

66. Which of the following Asian countries has the national flag with a large red circle, symbolizing the Sun, on a white background ?

(1) North Korea (2) China (3) Japan (4) Singapore

निम्नलिखित में से किस एशियाई देश के राष्ट्र ध्वज में श्वेत पृष्ठभूमि पर दीर्घाकार लाल वृत्त है जो सूर्य का संकेतक है ?

(1) उत्तर कोरिया (2) चीन (3) जापान (4) सिंगापुर

Adda247

GET IT ON Google Play

67. The zone of open borders that encompasses 29 European countries is known as ________.

(1) Pacer Plus (2) Schengen (3) NATO (4) MERCOSUR

29 यूरोपीय देशों को संवृत्त करने वाला मुक्त सीमावर्ती क्षेत्र कहलाता है :

(1) पेसर प्लस (2) शेंगेन (3) नाटो (4) मर्कोसुर

103179737

68. Who among the following has served as the President but **not** as the Vice President of India ?

(1) Shankar Dayal Sharma (2) K.R. Narayanan

(3) Fakhruddin Ali Ahmed (4) V.V. Giri

निम्नलिखित में से किसने भारत के राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया किन्तु वे कभी भारत के उप-राष्ट्रपति **नहीं** रहे ?

(1) शंकर दयाल शर्मा (2) के.आर. नारायणन

(3) फखरूद्दीन अली अहमद (4) वी.वी. गिरि

103179737

Adda247

69. 'Rock Shelters of Bhimbetka' have been inscribed on the UNESCO world heritage list under which category ?

(1) Tentative (2) Cultural (3) Natural (4) Mixed

यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में 'भीमबेटका का शैलाश्रय' उत्कीर्णित है, यह किस श्रेणी में सम्मिलित है ?

(1) अस्थायी (2) सांस्कृतिक (3) नैसर्गिक (4) मिश्रित

103179737

Adda247
GET IT ON Google Play

70. United Nations designates specific decades as occasions to mark particular events or topics in order to promote the objectives of the Organization. What is the theme for the decade 2027-2036 ?

(1) 'United Nations Decade for Afforestation and Reforestation in line with Sustainable Forest Management'

(2) 'International Decade of Sustainable Energy'

(3) 'International Decade of Sciences for Sustainable Development'

(4) United Nations International Decade for Action "Water for Sustainable Development"

संयुक्त राष्ट्र संगठन के उद्देश्यों के संवर्धन हेतु विशेष कार्यक्रम या विषय के समारोहोत्सव के रूप में विशिष्ट दशकों को पदाभिहित करता है। 2027 से 2036 के दशक को निम्नलिखित में से किस कथ्य से पदाभिहित किया गया है?

(1) 'यूनाइटेड नेशन्स डिकेड फॉर एफॉरेस्टेशन एण्ड रिफॉरेस्टेशन इन लाइन विद सस्टेनेबल फॉरेस्ट मैनेजमेंट'

(2) 'इंटरनेशनल डिकेड ऑफ सस्टेनेबल एनर्जी'

(3) 'इंटरनेशनल डिकेड ऑफ साइंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट'

(4) यूनाइटेड नेशन्स इंटरनेशनल डिकेड फॉर ऐक्शन "वाटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट"

71. A Constitutional Amendment Bill can be introduced :

(1) In either House of Parliament with prior approval of the President

(2) Only in Lok Sabha with prior approval of the President

(3) Only in Rajya Sabha with recommendation of the President

(4) In either House of Parliament without any prior approval

संविधान संशोधन विधेयक पुर:स्थापित किया जा सकता है :

(1) राष्ट्रपति के पूर्वानुमोदन से संसद की दोनों सभाओं में।

(2) राष्ट्रपति के पूर्वानुमोदन से केवल लोक सभा में।

(3) राष्ट्रपति की सिफारिश पर केवल राज्य सभा में।

(4) बिना किसी पूर्वानुमोदन के संसद की दोनों सभाओं में।

Adda247 GET IT ON Google Play

72. Which of the following treaties was an agreement made in the 17th century which ended thirty years of war in Europe ?

(1) Treaty of Westphalia
(2) Peace of Augsburg
(3) Congress of Vienna
(4) Treaty of Versailles

17वीं सदी में निम्नलिखित में से कौन सी संधि हुई जिसके फलस्वरूप यूरोप में तीस वर्षीय युद्ध का अंत हुआ ?

(1) वेस्टफेलिया की संधि
(2) ऑग्सबर्ग की शांति
(3) वियना की कांग्रेस
(4) वर्साय की संधि

73. National Sports Award, 2024, was announced in January 2025. Which of the following statements regarding the following Arjuna Awardees 2024, is **incorrect** ?

(1) Shri Nitesh Kumar was awarded for outstanding performance in Para-Badminton.
(2) Shri Abhay Singh was awarded for outstanding performance in Squash.
(3) Shri Sarabjot Singh was awarded for outstanding performance in Hockey.
(4) Shri Kapil Parmar was awarded for outstanding performance in Para-Judo.

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, 2024 की घोषणा जनवरी, 2025 में हुई। वर्ष 2024 के लिए अर्जुन पुरस्कार विजेताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **गलत** है ?

(1) श्री नितेश कुमार को पैरा-बैडमिंटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।
(2) श्री अभय सिंह को स्क्वैश में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।
(3) श्री सरबजोत सिंह को हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।
(4) श्री कपिल परमार को पारा-जूडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

Adda247
GET IT ON Google Play

entury which ended

र्षीय युद्ध का अंत हुआ ?

ch of the following
rect ?

n Para-Badminton.

n Squash.

e in Hockey.

in Para-Judo.

र्जुन पुरस्कार विजेताओं

या।

N1

74. The current Secretary General of the United Nations has been previously elected to which of the following Parliaments ?

(1) Parliament of Ghana (2) Parliament of Kenya

(3) Parliament of Portugal (4) Parliament of Cyprus

संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव पूर्व में निम्नलिखित में से किस संसद के लिए निर्वाचित हुए हैं ?

(1) घाना की संसद (2) केन्या की संसद

(3) पुर्तगाल की संसद (4) साइप्रस की संसद

75. Who presided over the last session of the Indian National Congress before independence, held in 1946 in Meerut ?

(1) J.B. Kripalani (2) Jawaharlal Nehru

(3) Maulana Abul Kalam Azad (4) Nellie Sengupta

वर्ष 1946 में मेरठ में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्वतंत्रता पूर्व अंतिम अधिवेशन की अध्यक्षता निम्नलिखित में से किसने की थी ?

(1) जे.बी. कृपलाणी (2) जवाहरलाल नेहरू

(3) मौलाना अबुल कलाम आजाद (4) नीली सेनगुप्ता

76. Which of the following is **not** among the top five states with respect to total employment in the manufacturing sector, according to the results of the 'Annual Survey of Industries' for 2023-2024, released in August 2025 ?

(1) Tamil Nadu (2) Gujarat (3) Maharashtra (4) Kerala

अगस्त, 2025 में जारी वर्ष 2023-2024 के लिए 'उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण' के परिणाम के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र में कुल रोजगार के संदर्भ में शीर्षस्थ पाँच राज्यों में निम्नलिखित में से किस राज्य का उल्लेख **नहीं** है ?

(1) तमिलनाडु (2) गुजरात (3) महाराष्ट्र (4) केरल

Adda247
GET IT ON Google Play

77. Which State/Union Territory in India will host the FIDE World Cup 2025 ?

(1) Tamil Nadu (2) Puducherry (3) Goa (4) Delhi

फाइडे विश्व कप, 2025 का आयोजन किस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में किया जाएगा ?

(1) तमिलनाडु (2) पुडुचेरी (3) गोवा (4) दिल्ली

78. Which among the following is a macro-mineral, needed for human body in large quantity ?

(1) Potassium (2) Manganese (3) Zinc (4) Iron

मानव शरीर के लिए निम्नलिखित में से क्या एक वृहत खनिज है जिसकी अधिक मात्रा में आवश्यकता पड़ती है ?

(1) पोटाशियम (2) मैंगनीज (3) जस्ता (4) लौह

79. Consider the following statements :

(a) Greenhouse gases are molecules in our atmosphere that absorb heat radiating from Earth's surface.

(b) Methane is not a greenhouse gas.

Choose the **correct** answer :

(1) Neither (a) nor (b) is correct. (2) Only (a) is correct.

(3) Only (b) is correct. (4) Both (a) and (b) are correct.

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) ग्रीनहाउस गैस हमारे वायुमंडल में विद्यमान अणु हैं जो पृथ्वी के पृष्ठ से विकरण होने वाली ऊष्मा का अवशोषण करते हैं।

(b) मिथेन ग्रीनहाउस गैस नहीं है।

**सही** उत्तर चुनिए :

(1) न तो (a) न (b) सही है। (2) केवल (a) सही है।

(3) केवल (b) सही है। (4) (a) और (b) दोनों सही हैं।

Adda247
GET IT ON Google Play

80. Which of the following pairs was awarded the Sahitya Akademi Yuva Puraskar, 2025 in Punjabi language :

| | Author | | Book |
|---|---|---|---|
| (1) | Mandeep Kaur 'Aulakh' | - | 'Man Kastoori' |
| (2) | Mandeep Kaur 'Aulakh' | - | 'Girls Hostel' |
| (3) | Khushveer Kaur Dhillon | - | 'Sabhe Rang Gulaal' |
| (4) | Harvinder Singh Rode | - | 'Paurhi' |

निम्नलिखित में से किस युग्म को पंजाबी भाषा की श्रेणी में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, 2025 से सम्मानित किया गया ?

| | लेखक | | पुस्तक |
|---|---|---|---|
| (1) | मंदीप कौर 'औलख' | - | 'मन कस्तूरी' |
| (2) | मंदीप कौर 'औलख' | - | 'गर्ल्स होस्टल' |
| (3) | खुशवीर कौर ढ़ीलन | - | 'सभे रंग गुलाल' |
| (4) | हरविंदर सिंह रोड़े | - | 'पौड़ी' |

Adda247

GET IT ON Google Play

# PART - V

## LANGUAGE COMPETENCY TEST - ENGLISH

**Direction :** *Answer the following questions (Q. Nos 81 to 90) by selecting the correct/most appropriate options.*

81. Identify the part of speech of the underlined word in the following sentence.

Ravi is a courageous boy.

(1) Verb (2) Adverb (3) Adjective (4) Noun

82. Identify the clause of the underlined part of the given sentence.

He could not give a reply to the question that I asked him.

(1) Adverb Clause (2) Adjective Clause
(3) Principal Clause (4) Noun Clause

83. Choose the option nearest in meaning to the word given below.

ENORMOUS

(1) Strong (2) Weak (3) Tiny (4) Vast

84. Identify the meaning of the underlined Idiom used in the given sentence.

His professor called for an explanation of his conduct.

(1) demanded (2) avoided (3) suggested (4) offered

85. One of the parts of the following sentence may or may not have an error. Identify the one with the error.

Idioms used to convey (a) a message in a more creative way (b) are like the spice (c) that make your writing flavourful (d)

(1) (d) (2) (a) (3) (b) (4) (c)



1083173 1083173 1083173

Adda247 GET IT ON Google Play

86. Choose the option in which the following jumbled groups of words can be **correctly** rearranged to form a meaningful sentence.

(a) too many science-fiction movies (b) against their human masters

(c) we have seen (d) about robots rebelling

(1) (c), (a), (d), (b) (2) (d), (c), (b), (a)

(3) (b), (c), (a), (d) (4) (a), (b), (d), (c)

87. Choose the option opposite in meaning to the word given below.

DAWN

(1) Dark (2) Sunrise (3) Morning (4) Dusk

88. Choose the option in which VOICE in the given sentence has been **correctly** changed.

The electrical wires have been cut.

(1) Someone has been cutting the electrical wires.

(2) Someone has cut the electrical wires.

(3) Someone cut the electrical wires.

(4) Someone did cut the electrical wires.

89. Choose the option which **correctly** fills in the blank.

He worked and ate __________ morning till night.

(1) after (2) since (3) from (4) of

90. Choose the option to fill in the blank with a suitable article (if required) in the given sentence.

Not __________ word was uttered in the library.

(1) no article (2) an (3) a (4) the

Adda247 GET IT ON Google Play

# PART - VI

## LANGUAGE COMPETENCY TEST - HINDI

**निर्देश :** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या 91 से 100) के उत्तर देने के लिए* **सही/ सबसे उपयुक्त** *विकल्प चुनिए।*

91. 'कम भोजन करने वाले' के लिए एक शब्द है –

(1) निराहारी (2) शाकाहारी (3) मांसाहारी (4) अल्पाहारी

92. 'अपने व्यय पर नियंत्रण रखिए क्योंकि ________ वाले को सदा कष्ट होता है।'

उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित मुहावरे का चयन करिए –

(1) चादर से बाहर पैर पसारने (2) जान पर खेलने

(3) गागर में सागर भरने (4) कान लगाकर सुनने

93. 'इस कविता में कवि ने सत्य की खोज से जुड़ी बातों की ओर ________ किया है।'

उपर्युक्त पंक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए **सही** शब्द का चयन करें –

(1) प्रसार (2) वर्णन (3) संकेत (4) उल्लेख

94. 'रोगमुक्त' का सामासिक विग्रह है –

(1) रोग पर मुक्त (2) रोग के लिए मुक्त (3) रोग से मुक्त (4) रोग में मुक्त

95. 'रेखांकित' शब्द का सही संधि-विच्छेद है –

(1) रे + खांकित (2) रेखा + अंकित (3) रेख + अंकित (4) रेखां + कित

Adda247 GET IT ON Google Play

96. 'ओ मणि ओ मणि! तुम कहाँ जा रही हो'

उपर्युक्त वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्नों का चयन करें –

(1) ! ?  (2) , ।  (3) ! !  (4) ? ?

97. "वैद्यराज मैं मर जाना चाहता हूँ पर इस कष्ट में नहीं रहना चाहता।"

उपर्युक्त वाक्य के लिए उचित विराम चिह्नों की पहचान करें।

(1) , ?  (2) ,।  (3) ? !  (4) ! ,

98. 'ग्रामीण कलाकारों द्वारा बनाए गए भित्ति चित्र बहुत ही सुंदर थे।

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ चुनिए –

(1) लकड़ी पर बने हुए चित्र  (2) दीवार पर बने हुए चित्र

(3) फर्श पर बने हुए चित्र  (4) वस्त्र पर बने हुए चित्र

99. 'सूर्य' का पर्यायवाची शब्द है –

(1) राकेश  (2) रवि  (3) शैल  (4) कांति

100. 'मीरा कृष्ण की __________ भक्त थीं।'

उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विशेषण का चयन करें –

(1) संतुलित  (2) विशाल  (3) अनन्य  (4) लघु